# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

जिला-शहडोल ४८४००१ (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– dfotsshahd@mp.gov.in

शहडोल, दिनांक :10/11/2023

क्रमांक/मा.चि./2023/6577

प्रति,

**महाप्रबंधक**
**एस.ई.सी.एल. सोहागपुर**
**पो.आ. धनपुरी शहडोल**

विषय:– शहडोल जिले के दक्षिण वनमण्डल अन्तर्गत रामपुर बटुरा खुली खदान हेतु 4.654 हे. राजस्व वनभूमि के व्यपवर्तन हेतु प्रस्ताव प्रपोजल क्र. PF/MP/MIN/18959/2016

संदर्भ :– 1. इस कार्यालय का पत्र क्र./4861 दिनांक 21.08.2023

2. उप वनमण्डलाधिकारी जैतपुर का पत्र क्र./1906 दिनांक 09.11.2023

-☆☆☆-

विषयांकित संदर्भित पत्र 1 का अवलोकन करें, जिसमें रामपुर बटुरा खुली खदान रकवा 4.654 हे. राजस्व वनभूमि का राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के उपस्थित में सीमांकन कराकर पीलर स्थापित करने हेतु लेख किया गया था। आपके द्वारा अपने पत्र क्र./68 दिनांक 02.09.2023 से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है कि प्रस्तावित रकवा में स्थाई चिन्ह स्थापित किया जाकर वृक्षों की गणना तथा चिन्हांकन किया जा चुका है। आपसे प्रतिवेदन प्राप्त उपरांत उप वनमण्डलाधिकारी सोहागपुर को कार्यालयीन पत्र क्र./6066 दिनांक 17.10.2023 से स्थल निरीक्षण हेतु हेख किया गया।

उप वनमण्डलाधिकारी जैतपुर द्वारा दिनांक 08.11.2023 को रामपुर बटुरा खुली खदान हेतु प्रस्तावित रकवा 4.654 हे. का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि प्रस्तावित राजस्व वन भूमि में सीमा लाईन (मुनारा) में पीलर नहीं गाड़े गये हैं, ज़िससे वृक्षों की मार्किंग का कार्य किया जाना संभव नहीं है।

आपके द्वारा अपने पत्र क्र./68 दिनांक 02.09.2023 से गलत जानकारी दी गई है जो उचित प्रतीत नहीं होता है। प्रकरण मूलतः वापस कर लेख है कि प्रस्तावित राजस्व वन भूमि का राजस्व अधिकारी/कर्मचारियों के उपस्थिति विधिवत् सीमांकन कराकर सीमा लाईन में पीलर स्थापित करवायें ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके। प्रकरण में विलंब की स्थिति निर्मित होने पर स्वयं आप जवाबदार होंगे।

**(श्रद्धा पंद्रे)**
**वनमण्डलाधिकारी**
**वनमण्डल दक्षिण शहडोल**

शहडोल, दिनांक :10/11/2023

पृ.क्रमांक/मा.चि./2023/6578

**प्रतिलिपि :-**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर शहडोल जिला शहडोल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
**वनमण्डल दक्षिण शहडोल**